# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

**11 November 2025**



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




GET IT ON Google Play

Download App

Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



**Rajasthan Current Affairs**

by GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान में जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2026 का आयोजन कब किया जाएगा?**

(A) 10 से 14 जनवरी 2026

(B) 15 से 19 जनवरी 2026

(C) 20 से 24 जनवरी 2026

(D) 25 से 29 जनवरी 2026

राजस्थान में जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2026, जिसका 19वां संस्करण है, 15 जनवरी से 19 जनवरी 2026 तक जयपुर के होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित किया जाएगा।

- यह एक पाँच दिवसीय साहित्यिक उत्सव होगा जहाँ लेखक, विचारक, और कलाकार एक मंच पर एक साथ आएंगे।
- इस वर्ष के संस्करण में नोबेल पुरस्कार विजेता ओल्गा टोकारचुक और इंटरनेट के जनक टिम बर्नर्स-ली जैसे कई प्रतिष्ठित मेहमान शामिल होंगे
- जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल जयपुर विरासत फाउंडेशन की एक पहल है।

**01. हाल ही में जापान में सम्पन्न ह्यूलिक दाई हत्सू जापान पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल चैम्पियनशिप 2025 में दो गोल्ड मेडल जीतने वाले राजस्थान के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी कौन हैं?**

(A) प्रमोद भगत

(B) कृष्णा नागर

(C) मनोज सरकार

(D) तारुण ढिल्लों



**Important Facts:**

- पैरालिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट बैडमिंटन खिलाड़ी राजस्थान के कृष्णा नागर ने जापान में 9 नवम्बर को सम्पन्न हुई ह्यूलिक दाई हत् सू जापान पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल चैम्पियनशिप 2025 में दो गोल्ड मेडल जीतने में सफलता हासिल की।
- कृष्णा ने पुरुष एकल में गोल्ड के साथ-साथ मिक्स्ड डबल्स में नित्या श्री सिवन के साथ जोड़ी बनाते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। कृष्णा ने ये दोनों गोल्ड मेडल एसएच 6 कैटेगरी में जीते।

**02. राजस्थान डिस्कॉम्स ने किस संस्था के साथ रूफटॉप सोलर और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन हेतु समझौता ज्ञापन (MOU) किया है?**

(A) सेंटर फॉर एनर्जी स्टडीज, दिल्ली

(B) सी-स्टेप, बैंगलुरू

(C) नेशनल सोलर मिशन, चेन्नई

(D) एनर्जी एंड पावर रिसर्च इंस्टिट्यूट, जयपुर

**Important Facts:**

- राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में पहल करते हुए सोमवार को राजस्थान डिस्कॉम्स एवं "सी-स्टेप" के भागीदार संस्थानों के मध्य समझौता ज्ञापन (MOU) हुआ।
- इस समझौते से प्रदेश में रूफटॉप सोलर का व्यापक प्रसार व प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रभावी क्रियान्वयन होगा।
- सेंटर फॉर स्टडी ऑफ साइंस, टेक्नोलॉजी एंड पॉलिसी (सी-स्टेप), बैंगलुरू तथा इसके सहयोगी संस्थान सेंटर फॉर एनर्जी एनवायरमेंट एण्ड पीपुल जयपुर, इण्डीक एसोसिएट्स एल एल पी जयपुर तथा ट्रांजीशन रिसर्च गोवा के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

इसके लिए सी-स्टेप द्वारा डेटा सेंटर का निर्माण किया जाएगा।

03. हाल ही में 9 और 10 नवंबर को जयपुर लर्निंग फेस्टिवल 2025 का आयोजन किस स्थान पर हुआ था?

(A) होटल क्लार्क्स आमेर

(B) बिडला ऑडिटोरियम

(C) जवाहर कला केंद्र

(D) सेंट्रल पार्क

**Important Facts:**

- गुलाबी नगर जयपुर के बिडला ऑडिटोरियम में जयपुर लर्निंग फेस्टिवल 2025 ज्ञान महाकुंभ 9 और 10 नवंबर को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ।
- इसे विश्व इतिहास का सबसे बड़ा लर्निंग एंड मोटिवेशनल फेस्ट बताया जा रहा है।
- इस आयोजन में विश्व प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर सौरभ जैन 30 घंटे तक बिना रुके, बिना पानी पिए, बिना बैठे और बिना ब्रेक लिए 100 से अधिक विषयों पर नॉन-स्टॉप स्पीच दी जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी।
- उद्देश्य: "सीखेगा भारत, तभी तो आगे बढ़ेगा भारत"

04. नेशनल वर्कशॉप ऑन एग्रीकल्चर एंड लाइवस्टॉक एंटरप्रेन्योरशिप' 2025 का आयोजन राजस्थान में कहाँ किया गया?

(A) जयपुर

(B) जोधपुर

(C) उदयपुर

(D) अजमेर

**Important Facts:**

- नेशनल वर्कशॉप ऑन एग्रीकल्चर एण्ड लाइवस्टॉक एंटरप्रेनेयुरशिप
- स्थान – उदयपुर
- आयोजन अवधि – 11 से 13 नवंबर 2025
- आयोजक संस्थाएँ – राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका), ग्रामीण विकास विभाग राजस्थान सरकार एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में।
- शुभारंभ – डॉ. किरोड़ी लाल मीणा (मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग) एवं श्री ओटाराम देवासी (राज्य मंत्री) द्वारा।

**05. अर्बन मोबिलिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस एवं एक्सपो-2025 में ‘श्रेष्ठ नॉन-मोटराइज्ड परिवहन प्रणाली वाले शहर’ का पुरस्कार किस शहर को मिला है?**

(A) जयपुर

(B) जोधपुर

(C) उदयपुर

(D) कोटा




GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

**Important Facts:**

📅 अर्बन मोबिलिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस एवं उदयपुर. एक्सपो-2025 में उदयपुर ने देश भर में राजस्थान का गौरव बढ़ाया है। उदयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को श्रेष्ठ नॉन-मोटराइज्ड परिवहन प्रणाली वाले शहर श्रेणी में शहरी परिवहन में उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया।

⭕ राजस्थान सरकार की ओर से यह सम्मान नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने ग्रहण किया

⭕ शहर के प्रमुख क्षेत्रों — फतहसागर झील, हिरण मगरी और बलिचा स्मार्ट रोड — में 14.5 किलोमीटर लंबे साइक्लिंग ट्रैक का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही शहरभर में स्थापित डॉकिंग यार्ड्स और 400 सार्वजनिक साइकिलों की सुविधा ने उदयपुर को देश के अग्रणी हरित शहरों की श्रेणी में स्थान दिलाया है।

06. राजस्थान में 26 व 27 दिसंबर 2025 को कुरजां महोत्सव" का आयोजन किस जिले में किया जाएगा?

(A) जैसलमेर

(B) फलोदी

(C) बीकानेर

(D) जोधपुर

**Important Facts:**

⭕ दिसंबर माह में खीचन क्षेत्र में बड़ी संख्या में विदेशी व देशी पर्यटक तथा कुरजां पक्षियों का आगमन होता है।

⭕इसी को ध्यान में रखते हुए फलोदी जिले में 26 व 27 दिसंबर को दो दिवसीय "कुरजां महोत्सव" आयोजित किया जाएगा

⭕महोत्सव में विलेज भ्रमण, योगा सेशन, बर्ड वाचिंग, हवेली भ्रमण, कैमल कार्ट सफारी, तालाब भ्रमण, मिस्टर एंड मिसेज फलोदी प्रतियोगिता, स्थानीय उत्पादों व व्यंजनों की प्रदर्शनी, जिले के 'पंच गौरव' की झांकी, तथा ग्रामीण खेल प्रतियोगिताएं जैसी रोचक गतिविधियां आयोजित की जाएगी

**07. राजस्थान में गंगनहर सुशासन के 100 वर्ष समारोह की शुरुआत कब से होगी?**

(A) 15 दिसंबर 2025

**(B) 05 दिसंबर 2025**

(C) 25 दिसंबर 2025

(D) 13 दिसंबर 2025

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- गंगनहर सुशासन के 100 वर्ष समारोह
- समारोह का आयोजन - 5 दिसंबर 2025 से 26 अक्टूबर 2027 तक
- गंग नहर के शिलान्यास से लेकर उसके निर्माण कार्य पूर्ण होने के 100 वर्ष के उपलक्ष में राज्य के चार जिलों श्री गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चूरू में गंगा नहर सुशासन के 100 वर्ष समारोह का आयोजन किया जाएगा।
- समारोह की शुरुआत - 5 दिसंबर 2025 को फिरोजपुर से की जाएगी जबकि इसका समापन शिवपुर हैड से 26 अक्टूबर 2027 को किया जाएगा

**08. हाल ही में 13 अक्टूबर 2025 को राजस्थान 2047 विजन डॉक्यूमेंट का विमोचन किसके द्वारा किया गया?**

(A) जेपी नड्डा

**(B) अमित शाह**

(C) नरेंद्र मोदी

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान 2047 विजन डॉक्यूमेंट का विमोचन - 13 अक्टूबर 2025 केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा किया गया
यह विजन राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसपोर्टेशन एंड इनोवेशन (रीति आयोग) द्वारा तैयार किया गया
- डॉक्यूमेंट विजन का लक्ष्य - 2047 राज्य की जीडीपी 4.3 ट्रिलियन डॉलर पहुंचाना।
- कृषि उत्पादकता में 40% वृद्धि , मातृ मृत्यु दर 15 तक तथा शिशु मृत्यु दर प्रति हजार बच्चों पर 10 से कम लाना।, जीवन प्रत्याशा 77 वर्ष से अधिक पहुंचाना, महिलाओं की कार्य बल भागीदारी 60% से अधिक करना।, नवीकरण ऊर्जा को बढ़ाकर 290 गीगावॉट तक पहुंचाना
- यह विजन 4 थीम तथा 13 सेक्टर पर आधारित है।
- विजन के संकल्प - 3• सशक्त नागरिक • सतत विकास, पारदर्शी शासन

09. COP30 (कांफ्रेंस ऑफ द पार्टीज़) 2025 की मेजबानी कौन-सा देश कर रहा है और इसका आयोजन कहाँ होगा?

(A) भारत – नई दिल्ली

(B) फ्रांस – पेरिस

(C) ब्राजील – बेलेम

(D) यूएई – अबू धाबी

**Important Facts:**

⭕ COP30 का मेजबान देश और विषय: COP30, संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (UNFCCC) के सदस्यों की 30वीं बैठक है। यह 10 से 21 नवंबर 2025 तक ब्राजील के बेलेम में आयोजित की जाएगी।

⭕ इसमें लगभग 200 देश, वैज्ञानिक, बिजनेस लीडर और नागरिक समाज एक साथ आएंगे। वे जलवायु पर कार्रवाई के लिए बातचीत करेंगे, पेरिस समझौते के लक्ष्यों पर हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे और उत्सर्जन, अनुकूलन और जलवायु वित्त पर प्रयासों को तेज करेंगे।

⭕ कांफ्रेंस ऑफ द पार्टीज (COP) संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (UNFCCC) की सालाना बैठक है। COP30 ऐसी 30वीं शिखर बैठक है।

**10. हाल ही में संयुक्त राष्ट्र पर्यटन (UN Tourism) की पहली महिला प्रमुख के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**

(A) शैखा नासिर अल नवाइस

(B) क्रिस्टालिना जॉर्जिवा

(C) ऑड्री अज़ोले

(D) साना मरीन



**Important Facts:**

- संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और वैश्विक पर्यटन क्षेत्र के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है जब शैखा नासिर अल नवाइस को संयुक्त राष्ट्र पर्यटन (UN Tourism) की पहली महिला प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया है।
- स्पेन के सेगोविया शहर में आयोजित 123वें संयुक्त राष्ट्र पर्यटन कार्यकारी परिषद सत्र के दौरान बहुमत मत से उनकी नियुक्ति की पुष्टि हुई।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा से औपचारिक अनुमोदन के बाद वे जनवरी 2026 से चार वर्ष के कार्यकाल के लिए पदभार ग्रहण करेंगी।
- यह कदम अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व में लैंगिक समानता की दिशा में एक बड़ी प्रगति के रूप में देखा जा रहा है।
- 50 वर्षों की परंपरा को तोड़ा
- 1975 में संगठन की स्थापना के बाद से पहली बार किसी महिला को इस पद की ज़िम्मेदारी मिली है।

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में शुरू हुए सफीना हुसैन के किस NGO को 7 नवंबर, 2025 को मनीला में रेमन मैग्सेसे सम्मान से नवाजा गया है?**

(A) एजुकेट गर्ल्स' NGO
(B) आपणी शिक्षा NGO
(C) बाई स्कूल NGO
(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹

💠 क्या मिलेगा? 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine